रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-14022024-252081
CG-DL-E-14022024-252081

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

| | |
|---|---|
| सं. 99] | नई दिल्ली, बुधवार, फरवरी 14, 2024/माघ 25, 1945 |
| No. 99] | NEW DELHI, WEDNESDAY, FEBRUARY 14, 2024/MAGHA 25, 1945 |


**वित्त मंत्रालय**

**(आर्थिक कार्य विभाग)**

**अधिसूचना**

नई दिल्ली, 12 फ़रवरी, 2024

**सा.का.नि. 108(अ).—**केन्द्रीय सरकार, सरकारी बचत संवर्धन अधिनियम, 1873 (1873 का 5) की धारा 3क द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राष्ट्रीय बचत सावधि जमा स्कीम, 2019 का और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित स्कीम बनाती है, अर्थात् :-

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ – (1) इस स्कीम का संक्षिप्त नाम राष्ट्रीय बचत सावधि जमा (संशोधन) स्कीम, 2024 है।

   (2) यह 1 जनवरी, 2024 से प्रवृत्त समझी जाएगी।

2. राष्ट्रीय बचत सावधि जमा स्कीम, 2019 (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त स्कीम कहा गया है) के पैरा 7 में,-

   (क) उप- पैरा 1(ड.) में, "1 जुलाई, 2023 को या उसके पश्चात्", शब्दों और अंकों के स्थान पर, "1 जुलाई, 2023 और 31 दिसम्बर, 2023 के बीच (दोनों दिन सहित)" अंक, शब्द और कोष्ठक रखे जाएंगे ;

   (ख) उप-पैरा 1(ड.) के पश्चात्, निम्नलिखित उप-पैरा और सारणी अंतः स्थापित किए जाएंगे, अर्थात् :-

   "1(च) नीचे दी गई सारणी में यथाविनिर्दिष्ट ब्याज दर इस स्कीम के अधीन 1 जनवरी, 2024 को या उसके पश्चात् की गई जमा राशि पर लागू होगी।

**सारणी**

| क्रम. सं. | खाते की श्रेणी | ब्याज दर (प्रतिशत प्रतिवर्ष) |
|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) |
| 1. | एक वर्ष | 6.9 |
| 2. | दो वर्ष | 7.0 |
| 3. | तीन वर्ष | 7.1 |
| 4. | पांच वर्ष | 7.5” |

[फा. सं. 1/04/2016-एनएस]

आशीष वच्छानी, अपर सचिव

**स्पष्टीकरण ज्ञापन.-** राष्ट्रीय बचत सावधि जमा (संशोधन) स्कीम, 2024 को भूतलक्षी प्रभाव देने से, इस संशोधन को भूतलक्षी प्रभाव के परिणामस्वरूप कोई व्यक्ति प्रतिकूल रूप से प्रभावित नहीं होगा।

**टिप्पण.-** मूल स्कीम, भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खंड 3, उपखंड (i) में, सं. सा.का.नि. 922(अ), तारीख 12 दिसम्बर, 2019 द्वारा प्रकाशित की गई थी और उसमें पश्चात्वर्ती संशोधन सा.का.नि. 289(अ), तारीख 5 मई, 2020, सा.का.नि. 838(अ), तारीख 22 नवम्बर, 2022, सा.का.नि. 53(अ), तारीख 20 जनवरी, 2023, सा.का.नि. 327(अ), तारीख 27 अप्रैल, 2023, सा.का.नि. 620(अ), तारीख 23 अगस्त, 2023, सा.का.नि. 830(अ), तारीख 7 नवम्बर, 2023 द्वारा किए गए थे।

**MINISTRY OF FINANCE**

**(Department of Economic Affairs)**

**NOTIFICATION**

New Delhi, the 12th February, 2024

**G.S.R. 108(E)**.—In exercise of the powers conferred by section 3A of the Government Savings Promotion Act, 1873 (5 of 1873), the Central Government hereby makes the following Scheme further to amend the National Savings Time Deposit Scheme, 2019, namely:-

1. **Short title and commencement.-**(1) This Scheme may be called the National Savings Time Deposit (Amendment) Scheme, 2024.

   (2) It shall be deemed to have come into force on the 1st day of January, 2024.

2. In the National Savings Time Deposit Scheme, 2019 (hereinafter referred to as the said Scheme), in paragraph 7,-

   (a) in sub-paragraph 1(E), for the words, figures and letters, “on or after 1st day of July, 2023”, the words, figures, letters and brackets “between the 1st day of July, 2023 and 31st day of December, 2023 (both days inclusive)” shall be substituted;

   (b) after sub-paragraph 1(E), the following sub-paragraph and Table shall be inserted, namely:-

   “1(F) The rate of interest as specified in the Table below shall be applicable to the deposit made on or after the 1st day of January, 2024 under the Scheme.

**TABLE**

| Sl. No. | Category of account | Rate of interest (per cent. per annum) |
|---|---|---|
| **(1)** | **(2)** | **(3)** |
| 1. | One-year | 6.9 |
| 2. | Two-years | 7.0 |
| 3. | Three-years | 7.1 |
| 4. | Five-years | 7.5”. |

[F. No. 1/04/2016-NS]

ASHISH VACHHANI, Addl. Secy.

**Explanatory Memorandum.-** By giving retrospective effect to the National Savings Time Deposit (Amendment) Scheme, 2024, no one shall be adversely affected as a result of retrospective effect being given to this amendment.

**Note :** The principal Scheme was published in the Gazette of India, Extraordinary, Part II, Section 3, Sub-section (i), *vide* number G.S.R. 922(E), dated the 12th December, 2019 and subsequently amended *vide* number G.S.R. 289(E), dated the 5th May, 2020, G.S.R. 838(E), dated the 22nd November, 2022, G.S.R. 53(E), dated the 20th January, 2023, G.S.R. 327(E), dated the 27th April, 2023, G.S.R. 620(E), dated the 23rd August, 2023 and G.S.R. 830(E), dated the 7th November, 2023.

## अधिसूचना

नई दिल्ली, 12 फ़रवरी, 2024

**सा.का.नि. 109(अ).—**केन्द्रीय सरकार, सरकारी बचत संवर्धन अधिनियम, 1873 (1873 का 5) की धारा 3क द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, सुकन्या समृद्धि खाता स्कीम, 2019 का और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित स्कीम बनाती है, अर्थात्:-

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ –** (1) इस स्कीम का संक्षिप्त नाम सुकन्या समृद्धि खाता (संशोधन) स्कीम, 2024 है।

   (2) यह 1 जनवरी, 2024 से प्रवृत्त समझी जाएगी।

2. सुकन्या समृद्धि खाता स्कीम, 2019 के पैरा 5 में,-

   (क) उप-पैरा (1ख) में, “1 अप्रैल, 2023 को या उसके पश्चात्”, शब्दों और अंकों के स्थान पर, “1 अप्रैल, 2023 और 31 दिसम्बर, 2023 के बीच (दोनों दिन सहित)” अंक, शब्द और कोष्ठक रखे जाएंगे ;

   (ख) उप-पैरा (1ख) के पश्चात्, निम्नलिखित उप-पैरा अंतः स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :-

   “(1ग) 1 जनवरी, 2024 को या उसके पश्चात् खाते में किए गए जमाओं तथा खाते के प्रत्यय के जमा पर 8.2 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से ब्याज देय होगा।

[फा. सं. 1/04/2016-एनएस]

आशीष वच्छानी, अपर सचिव

**स्पष्टीकरण ज्ञापन.-** सुकन्या समृद्धि खाता (संशोधन) स्कीम, 2024 को भूतलक्षी प्रभाव देने से, इस संशोधन को भूतलक्षी प्रभाव के परिणामस्वरूप कोई व्यक्ति प्रतिकूल रूप से प्रभावित नहीं होगा।

**टिप्पण.-** मूल स्कीम, भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खंड 3, उपखंड (i) में, सं. सा.का.नि. 922(अ), तारीख 12 दिसम्बर, 2019 द्वारा प्रकाशित की गई थी और उसमें पश्चात्वर्ती संशोधन सा.का.नि. 288(अ), तारीख 5 मई, 2020 और सा.का.नि. 329(अ), तारीख 27 अप्रैल, 2023 द्वारा किए गए थे।

**NOTIFICATION**

New Delhi, the 12th February, 2024

**G.S.R. 109(E).—**In exercise of the powers conferred by section 3A of the Government Savings Promotion Act, 1873 (5 of 1873), the Central Government hereby makes the following Scheme further to amend the Sukanya Samriddhi Account Scheme, 2019, namely:-

1. **Short title and commencement.-**(1) This Scheme may be called the Sukanya Samriddhi Account (Amendment) Scheme, 2024.

(2) It shall be deemed to have come into force on the 1st day of January, 2024.

2. In the Sukanya Samriddhi Account Scheme, 2019, in paragraph 5,-

(a) in sub-paragraph (1B), for the words, figures and letters, "on or after the 1st day of April, 2023", the following words, figures, letters and brackets "between 1st day of April, 2023 to 31st day of December, 2023 (both days inclusive)" shall be substituted;

(b) after sub-paragraph (1B), the following sub-paragraph shall be inserted, namely:-

"(1C) The deposits made in the account on or after the 1st day of January, 2024 and the balances at the credit of the account shall earn interest at the rate of 8.2 per cent. per annum.".

[F. No. 1/04/2016-NS]

ASHISH VACHHANI, Addl. Secy.

**Explanatory Memorandum.-** By giving retrospective effect to the Sukanya Samriddhi Account (Amendment) Scheme, 2024, no one shall be adversely affected as a result of retrospective effect being given to this amendment.

**Note :** The principal Scheme was published in the Gazette of India, Extraordinary, Part II, Section 3, Sub-section (i), *vide* number G.S.R. 922(E), dated the 12th December, 2019 and subsequently amended *vide* number G.S.R. 288(E), dated the 5th May, 2020 and G.S.R. 329 (E), dated the 27th April, 2023.

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054. MANOJ KUMAR VERMA